हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 01 नवंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में कल चंडीगढ़ में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति , विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति तथा उच्चाधिकार प्राप्त निर्माण कार्य क्रय समिति की बैठक में 2 हजार, 50 करोड़ रुपये से अधिक की संविदाओं तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में 729 करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न जलापूर्ति व सीवरेज प्रबंधन परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विभिन्न बोलीदाताओं से वार्ता के बाद दरें तय कर लगभग 36 करोड़ रुपये की बचत की गई है।बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई एवं जल संसाधन, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण , लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), शुगरफेड, स्कूल शिक्षा और पुलिस विभागों से संबंधित कुल 45 प्रस्ताव मंजूर किए गए।इस दौरान हरियाणा सरकार को झारखंड के दुमका जिले में आवंटित कल्याणपुर-बादलपाड़ा कोयला ब्लॉक के लिए खदान डेवलपर एवं ऑपरेटर के चयन को भी अंतिम रूप दिया गया। बैठक में कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ अरविंद कुमार शर्मा, रणबीर गंगवा और श्रुति चौधरी भी उपस्थित रहे।

****

हरियाणा की मंडियों में धान और बाजरे की खरीद सुचारू रूप से जारी है। मंडियों में अब तक 49 लाख 79 हजार 172 टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 48 लाख 57 हजार 405 टन धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई है। हरियाणा में सर्वाधिक 9 लाख 90 हजार 294 टन धान की आवक कुरुक्षेत्र जिले की मंडियों में हुई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक धान और बाजरा उत्पादक किसानों को 11 हजार 522 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है, जिसमें धान किसानों उत्पादक को 10 हजार 510 करोड़ 79 लाख और बाजरा उत्पादक किसानों को 1 हजार 11 करोड़ 31 लाख रुपये का भुगतान शामिल है।

****

हिसार ज़िले में डेंगू के बढ़ते मामलों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू की रोकथाम के लिए प्रयास बढ़ा दिए हैं।उप सिविल सर्जन डॉक्टर सुभाष ख़तरेजा ने बताया कि ज़िले में 700 मरीजों की पुष्टि होने के बाद घरों में जाकर डेंगू का लार्वा नष्ट किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घरों में पानी के कसौरों, गमलों एवं फ्रिज की ट्रेअ में भी डेंगू का लार्वा पाया गया है। उन्होंने बताया कि डेंगू का लार्वा 2 से तीन साल तक नष्ट नहीं होता और अनुकूल वातावरण मिलते ही प्रजनन शुरू हो जाता है।

डॉ सुभाष ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीमें मिलकर शहरों में फॉगिंग कर रही हैं और उन 850 तालाबों में मछलियां छोड़ी गई हैं जहां लार्वा मिला है।उप सिविल सर्जन ने लोगों से भी सावधानी बरतने की अपील की है।

****

चंडीगढ़ प्रशासन के सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'भिखारी-मुक्त चंडीगढ़' अभियान के अंतर्गत कल सेक्टर 17 प्लाजा में सेक्टर 11 के राजकीय कन्या महाविधालय के सहयोग से एक फ्लैश मॉब का आयोजन किया गया। फ्लैश मॉब का उद्देश्य भिक्षावृत्ति से जुड़े गहरे सामाजिक मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करना और चंडीगढ़ के निवासियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। इस दौरान सड़कों पर बच्चों से सामान खरीदने या उन्हें भीख देने के नकारात्मक प्रभावों को उजागर किया गया।अपने जोशीले प्रदर्शन के माध्यम से, इन छात्रों ने भिक्षावृत्ति को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाई, ताकि जनता की ओर से दी जाने वाली भिक्षा को हतोत्साहित किया जा सके, जो अक्सर गरीबी और शोषण के चक्र को बढ़ावा देती है।कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रशासक के सलाहकार राजीव वर्मा की पत्नी रचना वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और उनके साथ समाज कल्याण सचिव श्रीमती अनुराधा चगती और समाज कल्याण निदेशक श्रीमती पालिका अरोड़ा सहित कई अधिकारी भी शामिल हुए । इस पहल के तहत, सामाजिक कल्याण विभाग ने पुलिस विभाग, मानव तस्करी विरोधी इकाई और जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से भिक्षावृत्ति में संलग्न बच्चों सहित लगभग 20 व्यक्तियों को बचाया और पुनर्वासित किया है।